# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव
## स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल प्रबंधन समिति
## महलपारा, चिरमिरी, मनेन्द्रगढ़, सोनहत एवं भरतपुर जिला–कोरिया (छ.ग.)

क्रमांक / 1629 / स्था. / जि.शि. / अं.मा.स्कूल / सं.भर्ती / 2021–22 बैकुण्ठपुर, दिनांक 09/03/2022

**——:: संविदा भर्ती विज्ञापन ::——**

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर का आदेश क्र. एफ 23 – 08 / 2020 / 20–3 रायपुर, दिनांक 20.05.2020, आदेश क्र. एफ 23–08 / 2020 / 20–3 / 28 अटल नगर नवा रायपुर, दिनांक 03.07.2020, आदेश क्र. एफ 23–08 / 2020 / 20–3 / नवा रायपुर, दिनांक 24.08.2020, पत्र क्रमांक एफ 23–08 / 2020 / 20–तीन नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 30.06.2021 व फर्म एवं सोसायटी की पंजीयन नियमावली 11 के कंडिका 7 के अनुसार जिले में चयनित स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल महलपारा, चिरमिरी, मनेन्द्रगढ, सोनहत व भरतपुर जिला कोरिया (छ0ग0) में रिक्त शिक्षकीय संवर्ग के पदों पर अस्थायी रूप से कर्मचारियों की संविदा नियुक्ति किया जाना है। इस हेतु विज्ञापन में निहित शर्तो के अंतर्गत योग्यताधारी आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज स्व प्रमाणित संलग्न कर स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड डाक द्वारा दिनांक 25.03.2022 सायं 05:30 बजे तक **कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला कोरिया, बैकुण्ठपुर (छ0ग0) पिन 497335.** के पते पर अपना आवेदन भेज सकेंगे। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त आवेदन मान्य नहीं किये जाएगें।

**(अ) //विज्ञापित पदों का विवरण//**

**विद्यालय का नाम :– स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल महलपारा, जिला–कोरिया (छ.ग.)**

| क्र0 | पद का नाम | विषय | रिक्त पदों संख्या | संविदा नियुक्ति मानदेय प्रतिमाह (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | व्याख्याता | वाणिज्य | 02<br>01 अनारक्षित<br>01 अ.ज.जा. | 38100/– |

**(ब) //विज्ञापित पदों का विवरण//**

**विद्यालय का नाम :– स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल चिरमिरी जिला–कोरिया (छ.ग.)**

| क्र0 | पद का नाम | विषय | रिक्त पदों संख्या | संविदा नियुक्ति मानदेय प्रतिमाह (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता | वाणिज्य | 02<br>01 अनारक्षित<br>01 अ.ज.जा. | 38100/– |

**(स) //विज्ञापित पदों का विवरण//**

**विद्यालय का नाम :– स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल सोनहत जिला–कोरिया (छ.ग.)**

| क्र0 | पद का नाम | विषय | रिक्त पदों संख्या | संविदा नियुक्ति मानदेय प्रतिमाह (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता | वाणिज्य | 02<br>01 अनारक्षित<br>01 अ.ज.जा. | 38100/– |
| 2 | व्याख्याता | भौतिक | 01 अनारक्षित | 38100/– |
| 3 | व्याख्याता | सामाजिक अध्ययन | 01 अनारक्षित | 38100/– |
| 4 | शिक्षक | अंग्रेजी | 01 अनारक्षित | 35400/– |



Scanned with CamScanner

(द) //विज्ञापित पदों का विवरण//

विद्यालय का नाम :– स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल मनेन्द्रगढ़ जिला–कोरिया (छ.ग.)

| क्र0 | पद का नाम | विषय | रिक्त पदों संख्या | संविदा नियुक्ति मानदेय प्रतिमाह (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | व्याख्याता | वाणिज्य | 02<br>01 अनारक्षित<br>01 अ.ज.जा. | 38100/– |
| 2 | सहायक शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | कला | 01 अनारक्षित | 25300/– |
| 3 | सहायक शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | गणित | 01 अ.ज.जा. | 25300/– |

(ई) //विज्ञापित पदों का विवरण//

विद्यालय का नाम :– स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल भरतपुर जिला–कोरिया (छ.ग.)

| क्र0 | पद का नाम | विषय | रिक्त पदों संख्या | संविदा नियुक्ति मानदेय प्रतिमाह (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | व्याख्याता | वाणिज्य | 02<br>01 अनारक्षित<br>01 अ.ज.जा. | 38100/– |
| 2 | व्याख्याता | सामाजिक अध्ययन | 01 अनारक्षित | 38100/– |
| 3 | व्यायाम शिक्षक | – | 01 अनारक्षित | 35400/– |

<u>न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताऐं</u> :–

अभ्यर्थी के पास सेवा के लिए निम्नानुसार न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएं होना आवश्यक है :–

**(एक) हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी स्तर**

(क) हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी स्तर के लिए ऊपर दिए गए तालिका अनुसार केवल व्याख्याता पद के लिए किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों से निम्नलिखित विषयों से <u>अंग्रेजी माध्यम में</u> किसी एक विषय में स्नातकोत्तर/समकक्ष एवं बी0एड0 अनिवार्य है।

| स.क्र. | विषय | विषय समूह |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | वाणिज्य | स्नातक स्तर पर वाणिज्य के विषय तथा वाणिज्य के किसी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि। |
| 2 | भौतिकी | भौतिकी/इलेक्ट्रानिक्स/एप्लाइड भौतिकी/न्यूक्लियर भौतिकी |
| 3 | सामाजिक अध्ययन | स्नातक स्तर पर कला के विषय राजनीति/अर्थशास्त्र/इतिहास/भूगोल विषयों में से किसी भी एक विषय में स्नातकोत्तर उपाधि। |
| 4 | व्यायाम शिक्षक | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी माध्यम में स्नातक उपाधि के साथ बी.पी.एड. प्रशिक्षण अनिवार्य है। |

**(दो) पूर्व माध्यमिक शाला स्तर**

**(क)** शिक्षक अंग्रेजी माध्यम के पद हेतु अभ्यर्थी को किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों में **अंग्रेजी माध्यम में** विशिष्ट अंग्रेजी के साथ स्नातक एवं बी.एड. प्रशिक्षण अनिवार्य है।

**(ख)** राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा इस प्रयोजन के लिए जारी किये गये मार्गदर्शी सिद्धांतो के अनुसार समुचित सरकार (STET) द्वारा आयोजित अध्यापक पात्रता परीक्षा (टी.ई.टी.) में उत्तीर्ण।

| स.क्र. | विषय | विषय समूह |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | अंग्रेजी | विशिष्ट अंग्रेजी के साथ स्नातक। |

**(तीन) प्राथमिक शाला स्तर**

**(क)** सहायक शिक्षक अंग्रेजी माध्यम के पद हेतु अभ्यर्थी को न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ **अंग्रेजी माध्यम में** किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से उच्चतर माध्यमिक व डी.एड./डी.एल.एड. प्रशिक्षण अनिवार्य है।

**(ख)** राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा इस प्रयोजन के लिए जारी किये गये मार्गदर्शी सिद्धांतो के अनुसार समुचित सरकार (STET) द्वारा आयोजित अध्यापक पात्रता परीक्षा (टी.ई.टी.) में उत्तीर्ण।

| स.क्र. | विषय | विषय समूह |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | कला | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से हायर सेकेण्डरी (10+2) कला संकाय में उत्तीर्ण। |
| 2 | गणित | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से हायर सेकेण्डरी (10+2) विज्ञान संकाय (गणित विषय) में उत्तीर्ण। |



Scanned with CamScanner

**चयन प्रक्रिया हेतु दिशा निर्देशः–**

1. अभ्यर्थी द्वारा कक्षा–9वीं से आगे की सम्पूर्ण शिक्षा किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से अंग्रेजी माध्यम में पूर्ण किया जाना अनिवार्य होगा।
2. सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समसंख्यक अधिसूचना क्रमांक एफ1–1/2012/1–3 दिनॉक 28 मई 2019 एवं 23 सितम्बर 2020 के अनुसार जिला संवर्ग के अंतर्गत विज्ञापित तृतीय श्रेणी के रिक्त पदो के लिए केवल कोरिया जिले के स्थानीय निवासी ही नियुक्ति हेतु पात्र होंगे। शेष विज्ञापित पदो के लिए अभ्यर्थी को कोरिया जिले का मूल निवासी होने पर 05 बोनस अंक की पात्रता होगी।
3. आवेदक द्वारा निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज स्वप्रमाणित संलग्न कर स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड डाक द्वारा कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बैकुण्ठपुर कोरिया (छ0ग0) के पते पर निर्धारित तिथि व समय तक भेजे जा सकते हैं।
4. अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र मान्य नहीं किये जायेगें तथा अमान्य आवेदन पत्रों के संबंध में पृथक से सूचना नहीं दी जायेगी।
5. संविदा नियुक्ति के लिए शिक्षक संवर्ग के अभ्यर्थियों की मेरिट के आधार पर चयन हेतु आवेदकों की शैक्षणिक योग्यता 10 वीं, 12 वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, एवं डी.एड./डी.एल.एड./बी.एड./टी.ई.टी. में प्राप्त अंकों व छ0ग0 राज्य के मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों में पद के समकक्ष अध्यापन अनुभव व साक्षात्कार हेतु निर्धारित अंकों के आधार पर अधिमान्यता दी जावेगी :–

   **(क) <u>सहायक शिक्षक</u>** की नियुक्ति के लिए 10 वीं में प्राप्त अंकों के प्रतिशत पर 10 अंक, 12 वीं में प्राप्त अंकों के प्रतिशत पर 50 अंक, डी.एड./डी.एल.एड. में प्राप्त अंकों के प्रतिशत पर 15 अंक, छ.ग.टी.ई.टी. में प्राप्त अंकों के प्रतिशत पर 05 अंक एवं छ0ग0 राज्य के किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय/संस्थान से सहायक शिक्षक पद का संबंधित विषय में अध्यापन अनुभव हेतु 10 अंक (एक वर्ष के लिए 02 अंक, अधिकतम 10 अंक) एवं साक्षात्कार हेतु 10 अंक निर्धारित है।

   **(ख) <u>शिक्षक</u>** की नियुक्ति के लिए 12 वीं में प्राप्त अंकों के प्रतिशत पर 10 अंक, स्नातक में प्राप्त अंकों के प्रतिशत पर 50 अंक, बी.एड. में प्राप्त अंकों के प्रतिशत पर 15 अंक, छ.ग.टी.ई.टी. में प्राप्त अंकों के प्रतिशत पर 05 अंक एवं छ0ग0 राज्य के किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय/संस्थान से शिक्षक पद का संबंधित विषय में अध्यापन अनुभव हेतु 10 अंक (एक वर्ष के लिए 02 अंक, अधिकतम 10 अंक) एवं साक्षात्कार हेतु 10 अंक निर्धारित है।

   **(ग) <u>व्यायाम शिक्षक</u>** की नियुक्ति के लिए 12 वीं में प्राप्त अंकों के प्रतिशत पर 15 अंक, स्नातक में प्राप्त अंकों के प्रतिशत पर 50 अंक, बी.पी.एड. में प्राप्त अंकों के प्रतिशत पर 15 अंक, एवं छ0ग0 राज्य के किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय/संस्थान से व्यायाम शिक्षक पद का कार्यानुभव हेतु 10 अंक (एक वर्ष के लिए 02 अंक, अधिकतम 10 अंक) एवं साक्षात्कार हेतु 10 अंक निर्धारित है।

   **(घ) <u>व्याख्याता</u>** की नियुक्ति के लिए स्नातक में प्राप्त अंकों के प्रतिशत पर 15 अंक, स्नातकोत्तर में प्राप्त अंकों के प्रतिशत पर 50 अंक, बी.एड. में प्राप्त अंकों के प्रतिशत पर 10 अंक एवं छ0ग0 राज्य के किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय/संस्थान से व्याख्याता पद का संबंधित विषय में अध्यापन अनुभव हेतु 10 अंक (एक वर्ष के लिए 02 अंक, अधिकतम 10 अंक) एवं साक्षात्कार हेतु 10 अंक निर्धारित है।

7. संविदा नियुक्ति हेतु विभिन्न पदों के लिए आवश्यक ''अनुभव प्रमाण पत्र'' छ0ग0 राज्य के किसी भी शासकीय अथवा मान्यता प्राप्त विद्यालय/संस्थान के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।
8. चयन प्रक्रिया में समान अंक होने की स्थिति में अधिक उम्र के आवेदकों का चयन किया जावेगा।
9. अभ्यर्थी की आयु 1 जनवरी 2022 की स्थिति में न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष होनी चाहिए साथ ही शासन द्वारा समय–समय पर आयु सीमा में छूट के प्रावधान लागू रहेंगे। उम्र की पुष्टि हेतु 10 वीं की अंकसूची की सत्यापित प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
10. छ0ग0 लोक सेवा (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जातियां और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम 1994 नियम के प्रावधान यथास्थिति लागू होंगे।
11. चयन समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया ही मान्य की जावेगी तथा चयन के संबंध में समिति का निर्णय अंतिम व सर्व मान्य होगा।
12. अभ्यर्थी का 01 पद हेतु केवल एक ही आवेदन पत्र मान्य होगा, जिसमें उन्हें विद्यालय का प्राथमिकता क्रम अंकित करना अनिवार्य होगा तथा प्राथमिकता क्रम अंकित नही होने अथवा एक ही विद्यालय हेतु एक से अधिक अभ्यर्थियों के चयन होने की स्थिति में समिति द्वारा 05 विद्यालयों में से किसी भी एक विद्यालय में संविदा नियुक्ति प्रदान की जा सकेगी।
13. नियोक्ता द्वारा जारी चयन सूची जारी दिनांक से 6 माह के लिए वैध होगी तथा प्रतीक्षा सूची की वैधता चयन सूची जारी होने के दिनांक से 2 वर्ष तक या आगामी चयन सूची जारी होने तक जो भी पहले हो के लिए वैध होगी।



Scanned with CamScanner

निरर्हताएं :–

1. अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिये किन्हीं भी साधनों से समर्थन अभिप्राप्त करने के किसी भी प्रयास को, नियुक्तिकर्ता द्वारा चयन के निरर्हित माना जा सकेगा।
2. कोई भी अभ्यर्थी, किसी सेवा या पद पर तब तक नियुक्त नही किया जायेगा, जब तक कि उसे ऐसी स्वास्थ्य परीक्षा में, जोकि विहित की जाए, मानासिक या शारीरिक रूप से स्वस्थ्य तथा किसी मानसिक या शारीरिक दोष जो कि सेवा या पद के कर्तव्य को पूरा करने में बाधा डाल सकता हो से मुक्त, घोषित न कर दिया जाये। परन्तु आपवादिक मामलों में अभ्यर्थी को उसकी स्वास्थ्य परीक्षा से पूर्व किसी सेवा या पद पर इस शर्त के अधीन नियुक्ति दी जा सकेगी कि यदि वह चिकित्सकीय रूप से अस्वथ्य पाया जाता है, तो उसकी सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकेगी।
3. कोई भी अभ्यर्थी, जिसे महिलाओं के विरूद्ध किसी अपराध का सिद्ध दोष ठहराया गया हो, किसी सेवा या पद के लिए पात्र नहीं होगा, परन्तु यदि किसी अभ्यर्थी के विरूद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हो तो उसकी नियुक्ति का मामला तब तक लंबित रखा जायेगा जब तक उस अपराधिक मामले का न्यायालय द्वारा अंतिम विनिश्चय न कर दिया जाये।

शर्ते :–

1. संविदा नियुक्ति सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अधिसूचित "छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012" के प्रावधानों के अनुसार की जाएगी।
2. पद पूर्णतः अस्थायी होंगे। शासन द्वारा नियुक्ति/कार्यव्यवहार/परीक्षा परिणाम के आधार पर किसी भी समय पदच्युत किया जा सकेगा।
3. भविष्य में शासन द्वारा उक्त पदों पर भर्ती/स्थानान्तरण से किये जाने पर संविदा नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।
4. संविदा सेवा में शासन द्वारा निर्धारित सिर्फ एक मुश्त राशि मानदेय के रूप में देय होगी इसके अतिरिक्त अन्य कोई भत्ता अथवा वार्षिक वेतन वृद्धि की पात्रता नहीं होगी और संविदा सेवा अवधि हेतु किसी प्रकार के पेंशन उपादान या मृत्युलाभ आदि की पात्रता नहीं होगी।
5. संविदा नियुक्ति पर नियुक्त कर्मचारी छ0ग0 सिविल सेवा आचरण नियम 1965 से शासित होंगे।
6. संविदा सेवा में नियमानुसार अवकाश की पात्रता होगी।
7. संविदा नियुक्ति सामान्यतः एक वर्ष के लिए होगी तथापि समिति आवश्यकता के आधार पर व संविदा पर नियुक्त कर्मचारी की उपयुक्तता का आकलन कर संविदा नवीनीकरण का निर्णय ले सकेगा।
8. संविदा नियुक्ति की अवधि समाप्ति पर संविदा स्वमेव समाप्त मानी जावेगी तथा सेवा समाप्त करने के लिए पृथक से आदेश जारी करना आवश्यक नहीं होगा।
9. संविदा नियुक्ति अवधि में दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या इसके एवज में एक माह का वेतन देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
10. सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समसंख्यक अधिसूचना क्रमांक एफ1–1/2012/1–3 दिनॉक 28 मई 2019 एवं 23 सितम्बर 2020 के अनुसार जिला संवर्ग के अंतर्गत विज्ञापित तृतीय श्रेणी के रिक्त पदो के लिए केवल कोरिया जिले के स्थानीय निवासी ही नियुक्ति हेतु पात्र होंगे। शेष विज्ञापित पदो के लिए अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है एवं सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।
11. समिति द्वारा आवश्यकतानुसार पदों की संख्या परिवर्तनीय होगी।
12. दावा–आपत्ति उपरांत मेरिट अनुक्रम के आधार पर यदि पदों की संख्या 1 से अधिक है तो एक पद के विरूद्ध 03 गुना अभ्यार्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जावेगा तथा यदि पद की संख्या केवल 01 ही है तो 05 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जावेगा, जिस हेतु आवेदक के डाक पते पर सूचना पृथक से दी जावेगी। सभी आवेदक अपना मोबाईल नम्बर (व्हाट्स–अप नम्बर)/ ई–मेल नम्बर अपने आवेदन में अनिवार्य रूप से दर्शायें।
13. चयन के लिए अभ्यर्थी की पात्रता अथवा अपात्रता के संबंध में नियुक्तिकर्ता का विनिश्चय अंतिम होगा तथा चयन प्रक्रिया के किसी भी समय पर अथवा नियुक्तिकर्ता को चयन सूची भेजने के बाद यदि नियुक्तिकर्ता के संज्ञान में यह तथ्य आता है कि अभ्यर्थी ने असत्य जानकारी दी है अथवा उसके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में कोई विसंगति पाई गई है तो वह निरर्हित हो जायेगा एवं उसका चयन/नियुक्ति नियुक्तिकर्ता अधिकारी द्वारा समाप्त कर दी जावेगी।
14. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र ही मान्य किया जावेगा।
15. अभ्यर्थी को रूपये 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर सम्पूर्ण शैक्षणिक योग्यता कक्षा–09वीं–10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर अंग्रेजी माध्यम से पूर्ण करने का शपथ पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र गलत अथवा त्रुटिपूर्ण पाये जाने पर नियुक्ति निरस्त करते हुए वैधानिक कार्यवाही समिति द्वारा की जा सकेगी।
16. आवेदन पत्र के साथ निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रति तथा स्वयं के डाक का पूर्ण पता लिखा लिफाफा जिस पर 10 रूपये का डाक टिकट लगाकर संलग्न कर जमा करना होगा। आवेदन पत्र प्रेषित किये जाने वाले लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप से आवेदित पद का नाम तथा विषय का नाम अंकित करना अनिवार्य होगा।
17. विद्यालय में विज्ञापित पदों की जानकारी व आवेदन पत्र का प्रारूप कोरिया जिले के वेबसाईट korea.gov.in पर एवं कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया तथा स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल महलपारा, चिरमिरी, मनेन्द्रगढ़, सोनहत व भरतपुर जिला– कोरिया छ.ग. के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

**(स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा अनुमोदित)**

जिला शिक्षा अधिकारी/सदस्य सचिव
स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल प्रबंधन समिति
महलपारा, चिरमिरी, मनेन्द्रगढ़, सोनहत व भरतपुर
जिला–कोरिया (छ.ग.)



Scanned with CamScanner

पृ0क्रमांक / 1630 / स्था. / जि.शि. / अं.मा.स्कूल / सं.भर्ती / 2021–22 बैकुण्ठपुर, दिनांक 09/03/2022

प्रतिलिपि :–

1. प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर (छ0ग0) की ओर सादर सूचनार्थ।
2. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय इन्द्रावती भवन अटल नगर नवा रायपुर (छ0ग0) की ओर सादर सूचनार्थ।
3. आयुक्त, सरगुजा संभाग अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) की ओर सादर सूचनार्थ।
4. कलेक्टर / अध्यक्ष स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल महलपारा, चिरमिरी, मनेन्द्रगढ़, सोनहत व भरतपुर जिला–कोरिया (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कोरिया (छ0ग0) की ओर सादर सूचनार्थ।
6. संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सरगुजा संभाग अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) की ओर सादर सूचनार्थ।
7. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी (NIC) जिला कोरिया की ओर सूचनार्थ। कृपया उक्त विज्ञापन विस्तृत विवरण कोरिया जिले के वेबसाईट korea.gov.in पर अपलोड करने हेतु।
8. सहायक संचालक जिला जनसंपर्क कार्यालय की ओर दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु।
9. प्राचार्य, स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल महलपारा, चिरमिरी, मनेन्द्रगढ़, सोनहत व भरतपुर जिला–कोरिया छ.ग. को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

जिला शिक्षा अधिकारी / सदस्य सचिव
स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल प्रबंधन समिति
महलपारा, चिरमिरी, मनेन्द्रगढ़, सोनहत व भरतपुर
जिला–कोरिया (छ.ग.)



Scanned with CamScanner

# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव
## स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल प्रबंधन समिति
### महलपारा, चिरमिरी, मनेन्द्रगढ़, सोनहत एवं भरतपुर जिला–कोरिया (छ.ग.)

## संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

वर्तमान का पारसपोर्ट साईज फोटो रंगीन स्वप्रमाणित

1. आवेदित पद का नाम :–............................................................विषय :–..................................................
2. आवेदित शाला का नाम :– प्राथमिकता क्रम में–
   1.
   2.
   3.
   4.
   5.
3. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– ..........................................................................................
   आवेदक का नाम (अंग्रेजी में) :– ..........................................................................................
4. पिता/पति का नाम :– ..........................................................................................
5. लिंग (पुरूष/महिला) :– ..........................................................................................
6. जाति वर्ग :– ..........................................................................................
7. जन्म तिथि (अंको में) :– दिन.................माह....................वर्ष..................................
   जन्म तिथि (शब्दों में) ..........................................................................................
8. पत्र व्यवहार का वर्तमान पता :– ..........................................................................................
   ..........................................................................................
9. स्थाई पता :– ..........................................................................................
   ..........................................................................................
   ई मेल आई डी..........................................................................................
10. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक/दिनांक :–..........................................................................................
11. क्या आवेदक कोरिया जिले का निवासी है (हां/नहीं) निवास जिले का नाम :– ..........................................................
12. **शैक्षणिक एवं व्यवसायिक योग्यता का विवरण, जो अनिवार्य अर्हता में चाहा गया है :–**

| क्र0 | परीक्षा का नाम | विषय | उत्तीर्ण होने का वर्ष | मान्यता प्राप्त बोर्ड/ विश्वविद्यालय का नाम | अध्ययन का माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 वीं | | | | | | | |
| 2 | 8 वीं | | | | | | | |
| 3 | 10 वीं | | | | | | | |
| 4 | 12 वीं | | | | | | | |
| 5 | स्नातक | | | | | | | |
| 6 | स्नातकोत्तर | | | | | | | |
| 7 | बी.एड./डी.एड. /एम.एड. | | | | | | | |
| 8 | अन्य | | | | | | | |



Scanned with CamScanner

13. **छत्तीसगढ़ राज्य शासन में अर्द्धशासकीय संस्थान अथवा सार्वजनिक उपक्रम, निगम मंडल में शैक्षणिक कार्यानुभव का विवरण :–**

| क्र. | नियोक्ता विभाग/ संगठन का नाम | संस्था/प्रतिष्ठान का नाम जहां कार्य किया/ कर रहे हैं | पदनाम | पद की प्रकृति (अस्थायी/स्थायी/ संविदा/अन्य) | मासिक वेतन रू. में | कार्य ग्रहण अवधि दिनांक सहित | कुल अनुभव (माह/वर्ष में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

14. **नियोक्ता के संबंध में जानकारी :–**

| क्र. | नियोक्ता विभाग/ संगठन का नाम | संस्था/प्रतिष्ठान का नाम जहां कार्य किया/ कर रहे हैं का पूर्ण पता | दूरभाष क्रमांक/मोबाईल | ई मेल आईडी | अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारी का नाम एवं पदनाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |

**टीप :–** (अ) आवेदक द्वारा दिये गये अनुभव की जांच कराई जायेगी, जांच में किसी प्रकार से गलत /भ्रामक जानकारी प्राप्त होने की स्थिति में आवेदक का आवेदन पद हेतु अमान्य किया जायेगा तथा वैधानिक कार्यवाही की जावेगी, अतः असत्य जानकारी न दी जावे।

(ब) आवेदक के पद की पूर्ति से संबंधित आवश्यक जानकारी पत्राचार/ई–मेल/एस.एम.एस. के माध्यम से दिया जावेगा। अतः ध्यानपूर्वक ई–मेल एवं मोबाईल नंबर अंकित करें।

15. **संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :–**

(1) पांचवीं उत्तीर्ण अंकसूची।
(2) आठवीं उत्तीर्ण अंकसूची।
(3) हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा की अंक सूची।
(4) हायर सेकेण्ड्री परीक्षा अंक सूची।
(5) बी.एड./डी.एड./डी.एल.एड. अंक सूची।
(6) संबंधित विषय में स्नातक/स्नातकोत्तर की अंक सूची।
(7) निवास/जाति प्रमाण पत्र।
(8) आधार कार्ड की छाया प्रति।
(9) ..................................................
(10) ..................................................
(11) ..................................................
(12) ..................................................

**//घोषणा//**

**मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि आवेदन पत्र में दिये गये समस्त विवरण मेरे विश्वासएवं जानकारी के अनुसार सत्य एवं पूर्ण है तथा आवेदित पद के लिये मैं निर्धारित योग्यता रखता/रखती हूँ, कोई भी जानकारी असत्य या अपूर्ण पाये जाने पर उक्त पद के लिये मेरी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी, जिसके लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा/रहूंगी।**

दिनांक ..................................................
स्थान ..................................................

**हस्ताक्षर**
आवेदक का नाम..................................................
पिता/पति का नाम..................................................
पूर्ण पता..................................................
..................................................
दूरभाष क्र./मो0नं0..................................................



Scanned with CamScanner

---

**–//पावती//–**

1. आवेदित पद का नाम :–........................................................................विषय :–..................................................................

2. आवेदित शाला का नाम :– प्राथमिकता क्रम में–

    1.
    2.
    3.
    4.
    5.

3. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– ..........................................................................................................................................

   आवेदक का नाम (अंग्रेजी में) :– ..........................................................................................................................................

4. पिता/पति का नाम :– ..........................................................................................................................................

5. आवेदक का पूर्ण वर्तमान पता :– ..........................................................................................................................................

6. दूरभाष क्र./मो0नं0..................................................................ई मेल आईडी क्रमांक........................................................................



Scanned with CamScanner